भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के कारण कुलपति से निम्नलिखित अपेक्षित है:

- सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धता सम्पन्न व्यक्ति।

- एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, जो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष या प्रतिष्ठित अनुसंधान और/या अकादमिक संगठन में प्रशासनिक नेतृत्व का प्रदर्शन करने के प्रमाण के साथ 10 वर्ष का अनुभव।

- इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की समापन तिथि पर 67 वर्ष की आयु से अधिक आयु का नहीं होना वांछनीय।

वेतन और सेवा शर्तें

- पद हेतु अन्य सामान्य भत्तों और 11250/- रुपए के विशेष भत्तों के साथ 2,10,000/- रुपए (नियत) प्रतिमाह का वेतन निर्धारित है।

- सेवाओं की निबंधन और शर्तें वह होंगी जो विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं संविधियों तथा अध्यादेशों में दी गई है।

नियुक्ति हेतु प्रक्रिया

- कुलपति की नियुक्ति विश्वविद्यालय के अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत गठित एक समिति द्वारा सिफ़ारिश किए गए नामों के एक पैनल में से की जाएगी।

- यह विज्ञापन वेबसाइट ***http://www.education.gov.in*** और ***https://www.bhu.ac.in/.*** पर उपलब्ध है।

"केवल ऑनलाइन आवेदन करें"

उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक के अनुसार केवल शिक्षा मंत्रालय समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा:

https://vcrec.samarth.ac.in/index.php/

- उपरोक्त लिंक दिनांक 12.09.2024, 10:00 घंटे से दिनांक 11.10.2024, 17:00 घंटे तक सक्रिय होगा।

****

CBC-21201/11/0007/2425